Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Pal Shri Raja Ram

>

Title :Alleged fake encounters by the Army in Jammu and Kashmir and other States in the Country.

श्री राजाराम पाल (बिल्हौर) : सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से एक बहुत गम्भीर विाय की ओर इस सदन और भारत के प्रधान मंत्री तथा सदन का ध्यान दिनांक 29.8.2005 को दैनिक समाचार पत्र में छपे उस संस्करण की ओर आकर्ति करना चाहता हूं, जिस में " फर्जी मुठभेड़ के खुलासे के मामले से रक्षा मंत्रालय में हड़कंप" जैसा शीर्क प्रकाशित हुआ है। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा जम्मू-कश्मीर में जो सेना तैनात है, उसने जम्मू से चार मजदूरों को उठा कर उत्तर कश्मीर ले जाकर फर्जी मुठभेड़ दिखा कर चारों मजदूरों को मौत के घाट इसलिए उतार दिया कि सस्ती लोकप्रियता हासिल की जा सके और मैडल लेकर पदोन्नति प्राप्त की जा सके। उन्होंने इनके लालच में जो कार्य किया है, और उस पत्र के माध्यम से रक्षा मंत्रालय द्वारा जो नोटिस लिया गया, उसमें सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिज्ञों और सेना के रिटायर्ड अधिकारियों ने उस घटना पर पड़े पर्दे को हटाने के लिए निवेदन किया गया है। अगर इस तरह की...(व्यवधान)

सभापति महोदया : आप थोड़े शब्दों में अपनी बात को रेज़ करिए। लंबा भााण नहीं देना है।

...(व्यवधान)

श्री राजाराम पाल : यह बहुत गंभीर मामला है...(व्यवधान) जब सेना में ऐसे लोग मौजूद होंगे तो ऐसे इलाकों में जहां आतंकवाद बड़े पैमाने पर है, उससे देश को कभी भी खतरा हो सकता है। यह सेना का मामला है। उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर ऐसे गरीब मुजलिमों को घर से उठाकर एनकाउंटर दिखाने का काम पुलिस कर रही है। दिनांक...(व्यवधान)

सभापति महोदया : जम्मू-कश्मीर की बात कह दी है, उसे बाद में देखेंगे।

...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN : No. You have already raised your matter.

... (*Interruptions*)

श्री राजाराम पाल : दिनांक 25.8.2005 को जिस तरह से...(व्यवधान)

सभापति महोदया : यह रिकॉर्ड में नही जाएगा। आपने जिस बात के लिए अनुमति मांगी थी, वह बात हो गई है।

...(व्यवधान)

सभापति महोदया : रिकॉर्ड नहीं हो रहा है। आप किसलिए बोल रहे हैं?

...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN: This would not be recorded.

(Interruptions)...*

MADAM CHAIRMAN: Nothing would be recorded.

(Interruptions) ...*

सभापति महोदया : कुछ रिकॉर्ड नहीं हो रहा है। आप किसलिए बोल रहे हैं?

...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN: Nothing is being recorded. Please take your seat.

(Interruptions) ...*

MADAM CHAIRMAN: Shri M. Shivanna.

---

* Not Recorded